# खातीपुरा में 16 घंटे गरजे जे.डी.ए. के 32 बुलडोजर, भारी जनविरोध के बावजूद दिनभर टूटती रही इमारतें

## लोगों के आंसू, चीख-पुकार और भारी विरोध के बावजूद भी पीछे नहीं हटे जयपुर विकास प्राधिकरण के अफसर

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश के बाद जयपुर विकास प्राधिकरण (जे.डी.ए.) ने बुधवार अलसुबह 5 बजे से रात 9 बजे तक 32 बुलडोजर की मदद से अवैध अतिक्रमणों को ध्वस्त किया। लोगों के भारी विरोध, चीख-पुकार और नाराजगी के बावजूद भी जेडीए प्रशासन पीछे नहीं हुआ। भारी पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में यह कार्रवाई चली।

ज्ञात रहे कि खातीपुरा क्षेत्र में झाड़खंड मोड से 200 फीट बाईपास तक सड़क 160 फीट चौड़ी करने के लिए हाईकोर्ट ने आदेश दिया था। बुधवार सुबह 5 बजे जेडीए अमला कार्रवाई स्थल पर पहुंच गया। पूर्व डी.जी. नवदीप सिंह और पूर्व विधायक परमनवदीप के हॉस्पिटल

- **झाड़खंड मोड से 200 फीट बाईपास तक सड़क 160 फीट चौड़ी करने के लिए हाईकोर्ट के आदेश पर हुई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई**
- **पूर्व डी.जी. नवदीप सिंह और पूर्व विधायक परमनवदीप के हॉस्पिटल और आवास पर भी चला बुलडोजर**
- **खातीपुरा इलाके में प्रवेश के सभी रास्ते बंद रखे, कॉलोनियों में दिनभर लगा रहा भारी ट्रैफिक जाम**
- **भीषण गर्मी के बीच पूरे इलाके की कॉलोनियों में बिजली की आपूर्ति दिनभर बंद रही, लोग परेशान होते रहे**

और आवास पर भी बुलडोजर चला। इस दौरान खातीपुरा इलाके में प्रवेश के सभी रास्ते बंद रखे, कॉलोनियों में दिनभर भारी ट्रैफिक जाम लगा रहा।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक जे.डी.ए. टीम बुधवार सुबह 5 बजे कार्रवाई करने पहुंची। सबसे पहले झांडखंड मोड तिराहे के पास बने बहुमंजिला इमारतों पर बुलडोजर से तोड़पोड़ शुरू की गई। सड़क के दोनों ओर एक के बाद एक अतिक्रमणों को ध्वस्त किया गया।

कार्रवाई आंरभ होने से पहले मुख्य मार्ग सहित आस पास की करीब 7 कॉलोनियों में बिजली की आपूर्ति को रोक दिया गया, जो देर शाम तक बंद रही। इससे पूर्व कार्रवाई स्थल पर जेडीए आयुक्त आंनदी, सचिव निशांत जैन सहित जेडीए की 5 टीमों का दस्ता पहुंच गया था। शाम करीब 9 बजे तक अतिक्रमणों पर कार्रवाई चलती रही।

### सिविल लाइंस विधायक भी मौके पर पहुंचे

उधर कार्रवाई की सूचना पर मौके पर सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा भी पहुंचे। इस दौरान विधायक शर्मा ने कहा कि हम कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हैं। लेकिन पूर्व में इन्ही अफसरों की गई गलतियों को आमजनता क्यों भुगते। विधायक ने कहा कि, हमारी सरकार आमजन की सेवा के लिए सदैव तत्पर है। पूर्व में नगर निगम ने अपने जोन प्लान में सिविल लाइन विधानसभा से सटे प्रतिष्ठानों को निर्धारित सड़क चौड़ाई के बाद पट्टे वितरित किए थे। लोग भी अपनी जगह सही है, लेकिन जेडीए ने मास्टर प्लान में अलग ही कहानी बयां कर दी। मैं जनता के साथ अन्यान नहीं होने दूंगा। गोपाल शर्मा ने कहा कि, हम लोग सरकार की भी स्थिति को समझते हैं, जनता की भी स्थिति को समझते हैं। इसमें किसी एक सरकार की ही भूमिका नहीं है। एक सिस्टम है, जिसने इनको बसाया। वो बसाते समय भी सब अफसर थे, आज हटाते समय भी अफसर हैं। सरकार यह तय कर चुकी है कि ऐसे क्षेत्रों में सुनवाई का मौका दिया जाएगा।

### पूर्व डी.जी. उलझे तो हिरासत में लिया

खातीपुरा तिराहे पर पूर्व डी.जी. नवदीप सिंह के राजपूताना हॉस्पिटल व आवास पर भी जेडीए दस्ते ने कार्रवाई करते हुए ध्वस्त कर दिया। इस दौरान नवदीप सिंह व उनकी पत्नी व पूर्व विधायक परमनवदीप जेडीए अधिकारियों के बीच बहस हो गई। समझाइश के बावजूद नहीं मानने पर पूर्व डीजी को हिरासत में लिया गया।

### 274 अतिक्रमणों के लिए लगाया भारी दस्ता

सुबह 5 बजे से 274 अवैध अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही शुरू की गई। उपायुक्त टीम के नेतृत्व में उक्त गठित टीमों द्वारा मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन, उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ की मौजूदगी में पुलिस आयुक्तालय से प्राप्त अतिरिक्त पुलिस बल, स्थानीय पुलिस थाना वैशाली नगर का जाप्ता मौके पर मौजूद रहा। कार्रवाई के दौरान 32 जेसीबी मशीन, 5 पोखलेण्ड, 5 टेक्टर लोखण्डा मशीन, 5 पोखलेण्ड हैमर, 5 गैस कटर मशीन, 15 टैक्टर ट्रोली हाइड्रोलिक, 10 डम्पर एवं 50 मजदूरों का दस्ता मौजूद रहा।

### खातीपुरा क्षेत्र का मुख्य मार्ग दिनभर बंद रखा

जेडीए की कार्रवाई के दौरान यातायात विभाग की बडी लापरवाही सामने आई। मौके पर मौजूद यातायात विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई के चलते मुख्य मार्ग को चारों ओर से बंद कर दिया। जिससे ट्रैफिक की आवाजाही आस पास की कॉलोनियों की ओर हो गई।

सुबह-सुबह कॉलोनियों की भीतरी गलियों में ट्रेफिक के दवाब से स्थानीय लोग सहम गए। हनुमान नगर विस्तार, शिवविहार कॉलोनी, ऑफिसर्स केंपस, गुलमोहर लेन कॉलोनी, जय भवानी कॉलोनी में स्थानीय लोगों ने ट्रैफिक की आवाजाही को देखते हुए कॉलोनी के प्रवेश द्वारों को बंद कर दिया। इसके अलावा खातीपुरा तिराहे के पास बुनकर कॉलोनी, गंगा कॉलोनी, मरुधर विहार कॉलोनी, जसवंत नगर, चांदबिहारी नगर व सिंह भूमि कॉलोनी में दिनभर भारी यातायात का दवाब रहा। इस दौरान कॉलोनिवासियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### 41 डिग्री पारे के बीच दिनभर बिजली काटी

बुधवार को 41 डिग्री तापमान रहा। जेडीए की कार्रवाई के चलते बिजली विभाग ने सुबह 5 बजे ही बिजली सप्लाई बंद कर दी। घरों में कूलर पंखे बंद होने से लोग पसीना पसीना हो गये। हालांकि कुछ लोग घरों से बाहर आकर जेडीए की कार्रवाई देखने लगे।





हाईकोर्ट के आदेश पर खातीपुरा इलाके में 160 फीट सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण ने बुधवार को अवैध अतिक्रमणों और बहुमंजिला इमारतों को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त किया। फोटो-राष्ट्रदूत

### कबाड़ियों की पौ-बारह

बहुमंजिला इमारतों व प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई के दौरान काफी मलबा- लोहे के जाल एकत्र हो गए। इस दौरान कबाड़ियों के झुंड लोहे के सरियों को बीनता रहा।

### थड़ी-ठेले और डेयरी बूथ गलियों में शिफ्ट हुए

झाड़खंड मोड के गंगा कॉलोनी के पास जेडीए दस्ते ने वहां सालों से रखी थड़ी-ठेलों व सरस डेयरियों को भी जेसीबी की सहायता से उठा कर गलियों में रख दी। कुछ दुकानदार थडियों को आस पास के घरों में रख आए।

### मलबा हटाने में 3 दिन लगेंगे

मुख्य मार्ग पर तोड़े गए प्रतिष्ठानों के सामने मलबे के ढ़ेर लग गए। कुछ जगहों पर दुकानदारों ने खुद उठाना शुरु कर दिया। जेडीए अधिकारियों ने 3 दिन में मलबे को उठाने की बात कही है।



जे.डी.ए. की कार्रवाई से प्रभावित और आक्रोशित लोगों ने मौके पर धरना-प्रदर्शन और नारेबाजी की। इस दौरान सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा भी उनके बीच पहुंचे और अफसरशाही हावी होने की बातें कही और कार्रवाई का विरोध किया।

## अतिक्रमियों को हाईकोर्ट से भी नहीं मिली राहत

**जयपुर**। सिरसी रोड अंडरपास से झारखंड मोड तक अतिक्रमण हटाने के मामले में अतिक्रमियों को राजस्थान हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली है। अदालत ने मामले में जेडीए की ओर से की जा रही कार्रवाई में दखल से इनकार कर दिया।

वहीं अदालत ने जेडीए की ओर से मामले में जारी किए गए संशोधन पत्र की जानकारी अदालत में नहीं देने पर अतिक्रमियों पर नाराजगी जताई। अदालत ने कहा कि उन्हें मामले में गुमाराह किया जा रहा है। सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस आनंद शर्मा की खंडपीठ ने यह आदेश सरिता चौधरी व अन्य की ओर से दायर प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि मामला एकलपीठ में लंबित है तो फिर खंडपीठ में अधूरे तथ्यों के साथ प्रार्थना पत्र क्यों पेश किया जा रहा है। प्रार्थना पत्र में कहा था कि जेडीए ने उन्हें सुनवाई का मौका नहीं दिया है। वहीं इस संबंध में पूर्व में जारी आदेश में संशोधन किया जाए। इस पर खंडपीठ ने जेडीए के अधिवक्ता अमित कुड़ी को उनका पक्ष रखने के लिए बुलाया। जेडीए की ओर से कहा कि कार्रवाई से पहले प्रभावितों को सुनवाई का पूरा मौका दिया था। जेडीए ने मौके पर पीटी सर्वे कर सीमाकंन की प्रक्रिया की थी और धारा 72 के नोटिस 272 लोगों को जारी किए थे, लेकिन इनमें से केवल 32 ने ही आपत्ति दर्ज कराई है। इसके अलावा आदेश की तारीख के संबंध में संशोधन पत्र जारी किया गया था, लेकिन याचिकाकर्ता ने उसकी जानकारी अदालत में नहीं दी है। जेडीए ने सुबह छह बजे से ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है और 12 बजे तक अधिकांश अतिक्रमणों को हटा दिया है। इस पर अदालत ने जेडीए की कार्रवाई में दखल से इनकार कर दिया।

## "ब्लिंकइट" वेयरहाउस पर मानक ब्यूरो की छापेमारी





**जयपुर** (कासं)। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), राजस्थान की टीम ने ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म-ब्लिंकिट के जयपुर में 22 गोदाम स्थित वेयरहाउस पर भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016 के उल्लंघन के लिए बुधवार को तलाशी एवं जब्ती कार्रवाई करते हुए बडी मात्रा में वे उत्पाद जब्त किए गए, जिन्हें बिना मानक मुहर (आईएसआई मार्क एवं रजिस्ट्रेशन मार्क) विक्रय के लिए संग्रहित किया था।

यह कार्रवाई निदेशक एवं प्रमुख, बीआईएस राजस्थान कनिका कालिया के निर्देश पर बीआईएस के अधिकारियों एवं अन्य सहायक कर्मचारियों द्वारा की गई। जिनमें रमन कुमार त्रिवेदी (संयुक्त निदेशक), पूनम चौधरी (संयुक्त निदेशक) शामिल थे। कार्रवाई के दौरान 197 से अधिक श्रेणियों के कुल 265 निम्नलिखित उत्पाद जब्त किए गए। जिनमें से अधिकतम रोजमर्रा के जीवन में इस्तेमाल किए जाने वाले उपभोक्ता उत्पाद हैं- जैसे एल्युमीनियम एवं स्टील के बर्तन, स्टील की बोतलें, इंसुलेटेड फ्लास्क, इलेक्ट्रिक केतली, बेबी डायपर, चप्पल, इलेक्ट्रिक जूसर मिक्सर ग्राइंडर, मालिश करने के इलेक्ट्रिक उपकरण, कीटनाशक (मच्छर मारने हेतु) उपकरण, इलेक्ट्रिक कॉफी मेकर, त्वचा और बालों की देखभाल के उपकरण (हेयर स्ट्रेटनर, हेयर ड्रायर इत्यादि), एयर फ्रायर, घरेलू उपयोग के लिए, हैंड ब्लेंडर, वैक्यूम क्लीनर, कीबोर्ड, इत्यादि।एमआरपी के आधार पर जब्त किए गए उत्पादों का अनुमानित मूल्य सात लाख रुपए आँका गया है।

ये उत्पाद भारत सरकार द्वारा जारी किए गए विभिन्न गुणता नियंत्रण आदेशों एवं सूचना प्रौद्योगिकी वस्तुएं (अनिवार्य पंजीकरण की आवश्यकताएं) आदेश, 2021 के तहत अनिवार्य प्रमाणन पद्धति के अंतर्गत आते हैं।भारतीय मानक ब्यूरो के वैध प्रमाणन लाइसेंस के बिना इन उत्पादों का निर्माण, विक्रय, संग्रहण, आयात इत्यादि भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016 की धारा 29 के अंतर्गत एक दंडनीय एवं संज्ञेय अपराध है जिसकी सज़ा प्रथम उल्लंघन पर न्यूनतम 2 लाख रुपए एवं द्वितीय या उसके बाद के उल्लंघनों के लिए न्यूनतम 5 लाख रुपए जुर्माना (जो कि उल्लंघित वस्तुओं के मूल्य के दस गुणा तक हो सकता है) या अधिकतम दो वर्ष की कारावास या दोनों है। तलाशी एवं जब्ती कार्रवाई के पश्चात आरोपियों के विरुद्ध भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016 के अंतर्गत विधिक प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

## जयपुर में लाखों लोगों ने एक साथ किया नवकार महामंत्र

**जयपुर**। विकसित भारत यानी विकास भी, विरासत भी। एक ऐसा भारत जो रुकेगा नहीं, ऐसा भारत जो थमेगा नहीं। जो ऊंचाई छुएगा, लेकिन अपनी जड़ों से नहीं कटेगा। कुछ इन स्वरों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश और दुनिया के लाखों लोगों को डिजिटल माध्यम से प्रेरित किया।

'नवकार महामंत्र दिवस' के उपलक्ष में पूरी दुनिया में नवकार महामंत्र कार्यक्रम का एक साथ आयोजन किया गया। इस दौरान जीतो जयपुर चैप्टर की ओर से सी-स्कीम स्थित श्री महावीर दिगम्बर जैन सीनियर सेकंडेरी स्कूल में बुधवार सुबह इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। हज़ारों लोगों ने एक ही स्थान से नवकार मंत्र उच्चारण कर वातावरण को विस्मय बना दिया। कार्यक्रम का आरम्भ प्रमुख अतिथि राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े सहित प्रदेश के सहकारिता मंत्री गौतम दक, डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावट, जीतो राजस्थान जोन मुख्य सचिव राज गोलेछा, जीतो जयपुर चैप्टर चेयरपर्सन सलोनी जैन और जयपुर चैप्टर के सचिव हितेश भांडिया द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। साथ ही जीतो कमिटी, जीतो जयपुर चैप्टर मेम्बर्स, जीतो यूथ विंग, जीतो विमन विंग सहित जैन धर्म के प्रतिष्ठित अतिथिगण शामिल रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली के विज्ञान भवन में नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। पीएम मोदी ने अन्य लोगों के साथ नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम में नवकार महामंत्र का जाप किया। इसके बाद उन्होंने डिजिटल माध्यम के द्वारा लोगों को लाइव संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नवकार महामंत्र का ये दर्शन विकसित भारत के विजन से जुड़ता है।

## प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 पर चर्चा

**जयपुर** (कासं)। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2.0 (जल ग्रहण विकास घटक) की समीक्षा बैठक बुधवार को सचिवालय स्थित पंचायती राज सभागार में आयोजित हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए भू-संसाधन विभाग, भारत सरकार के संयुक्त सचिव नितिन खाडे ने कहा कि पीएमकेएसवाई 2.0 जलग्रहण विकास योजना भूजल वृद्धि, जल उपलब्धता और गुणवत्ता में बढ़ोतरी के जरिए किसानों की आय और जीवन स्तर में सुधार लाने वाली महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य एकीकृत दृष्टिकोण में वाटरशेड विकास परियोजनाएं चलाकर देश के बंजर और वर्षा सिंचित क्षेत्रों का सतत विकास सुनिश्चित करना है। संयुक्त सचिव ने योजना अन्तर्गत केन्द्र सरकार से प्राप्त राशि का अधिकतम उपयोग करने के निर्देश प्रदान किये जिससे योजना के निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण किया जा सके। उन्होंने आषा जताई कि जून, 2025 तक राज्य अधिकतम राशि का उपयोग कर लेगा। बैठक के प्रारंभ में पंचायती राज विभाग के शासन सचिव एवं आयुक्त डॉ जोगाराम ने खाड़े का स्वागत करते हुये राजस्थान में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 अन्तर्गत चल रही जल ग्रहण विकास योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी दी। अंत में मुहम्मद जुनैद, निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव, जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग ने धन्यवाद ज्ञापित किया और केन्द्र सरकार द्वारा किये गये लक्ष्यों का तय समय सीमा में पूरी करने का आश्वासन दिया। बैठक में सभी जिलों से विभाग के प्रतिनिधि वीसी के माध्यम से सम्मिलित हुए और योजना की प्रगति की जानकारी दी।

## 11-12 अप्रेल को होगी विद्युत निगमों की परीक्षा

**जयपुर**। राजस्थान सरकार के वर्ष 2025 की सीधी भर्ती अभियान के तहत राज्य के पांचों विद्युत निगमों में भर्ती के प्रथम चरण में अभियन्ता संवर्ग के कुल 271 पदों पर नियुक्ति हेतु 11 और 12 अप्रेल 2025 को राजस्थान के विभिन्न जिलों में ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की जायेगी। कनिष्ठ अभियन्ता (सी एण्ड आई/कम्युनिकेशन), कनिष्ठ अभियन्ता (फायर एण्ड सेफ्टी) एवं कनिष्ठ रसायनज्ञ की ऑनलाइन परीक्षाओं का आयोजन 11 अप्रेल को प्रथम पारी में तथा कनिष्ठ अभियन्ता (मैकेनिकल) की द्वितीय पारी में की जायेगी। इसी प्रकार कनिष्ठ अभियन्ता (इलेक्ट्रिकल) के लिए ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन 12 अप्रेल को द्वितीय पारी में राजस्थान के 7 जिलों में 28 परीक्षा केन्द्रो पर किया जायेगा।

अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए विद्युत निगमों की वेबसाईट पर इन्फोर्मेषन हेण्डआऊट एवं मोक टेस्ट अपलोड किये गये हैं। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र पूर्व में ही जारी कर दिए गए हैं एवं इस संबंध में अभ्यर्थियों को मोबाईल एवं ई-मेल द्वारा भी सूचित कर दिया गया है।

## *शिप्रापथ पुलिस ने जब्त की 50 बुलेट जब्त*

**जयपुर**। शिप्रा पथ थाना पुलिस ने हुए मोडीफाई साइलेंसर लगी बुलेट के खिलाफ के कार्रवाई करते हुए पचास मॉडिफाई साइलेंसर लगी बुलेट (मोटरसाइकिल)जब्त की है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि बुलेट बाइक के साइलेंसर को मॉडिफाई कर पटाखों जैसी आवाज निकालने वाले साइलेंसर के कारण आमजन के क्षोभ उत्पन्न हो जाता है और ध्यान भटकने के कारण दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। जिसके चलते शिप्रापथ थाना पुलिस ने हुए मोडीफाई साईलेंसर लगी बुलेट के खिलाफ के कार्रवाई करते हुए पचास मोडीफाई साइलेंसर लगी बुलेट (मोटरसाइकिल) जब्त की है।

## गोवर्धन पूजा में भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**जयपुर**। जगतपुरा स्थित श्री निंबार्क निकुंज बिहारी मंदिर के नवम पाटोत्सव के अवसर पर सेवाकुंज आश्रम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में बुधवार को श्री गिरिराज जी गोवर्धन पूजा में श्रद्धालु भाव विभोर होकर नाचने लगे।

आचार्य पीठ से पंडित रमेश चंद्र शास्त्री ने गिरिराज जी की परिक्रमा का महत्व बताया इससे पहले पूतना बध को कामनाओं का हरण करने की संज्ञा दी। षक्टासुर का बध किया। गोपियों के घर माखन चोरी की व्याख्या की। आश्रम महंत संत श्री कृष्णा शरण दास कल्याण बाबा के सानिध्य में चल रही कथा में भगवान के बचपन का आचार्य श्री ने इस गीत के माध्यम से, रुन झुन रुन झुन चरण चलत है बाजत है पैजनियां... खूबसूरत चित्रण किया।

## सार-समाचार

### जयपुर के हीरा व्यापारी के बैंकॉक में चोरी



**जयपुर**। बैंकॉक में भारतीय (जयपुर) मूल के हीरा व्यापारी से करोड़ों रूपये की हीरा चोरी का मामला सामने आया है। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार व्यापारी के पास काफी लंबे समय से ब्यावर निवासी शंकेश मुथा पुत्र हेमचंद्र मुथा सेल्समैन का काम कर रहा था, लंबे समय तक कार्य करके सेल्समैन ने व्यापारी का विश्वास जीत लिया और मौका लगते ही उनके शोरूम से करोड़ों रूपये के हीरे लेकर चंपत हो गया। व्यापारी ने तुरंत ही इस घटना की रिपोर्ट स्थानीय पुलिस स्टेशन में लिखवा दी। दो अलग मुल्क होने के कारण कानूनी कार्यवाही में वक्त लगा, जिसका सेल्समैन ने बखूबी से फायदा उठाया। परंतु इंटरपोल से रेड नोटिस जारी होने के बाद सेल्समैन ने दिल्ली की पटियाला कोर्ट में जमानत की अर्जी लगाई गई, जिसको कि कोर्ट ने खारिज करके आरोपी को उपस्थित होने का आदेश दिया, जमानत खारिज की सूचना मिलते ही आरोपी कोर्ट परिसर से भाग गया। जिसके बाद कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट निकाल दिया, अब आरोपी ने अपने बचाव के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया है।

### नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की..

**जयपुर**। आराध्य मंदिर श्री राधगोविंददेव जी में भागवत कथा में ललित



संप्रदायाचार्य महंत संजय गोस्वामी ने इस अवसर पर बधाई पद गायन से वातावरण कृष्णमय से सरोबार कर दिया उन्होंने स्वागतम् कृष्ण सुस्वागतम कृष्ण, नंद जी के अंगना में बज रही आज बधाई " इस अवसर पर खिलौने फल , टॉफी , बिस्कुट आदि सामग्री लुटाई गई । कार्यक्रम महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में हुआ , प्रबंधक मानस गोस्वामी ने बताया कि 10 अप्रैल को भगवान की बाल लीलाओं की कथा व गोवर्धन पूजन व 56 भोग की झांकी प्रात: 8.30 से 12 बजे तक एवं अन्य कथा सायंकाल 7 से 8 बजे तक होगी।